Dr. Sangita Kumari Saha
B.A D-I (H) IInd paper.

# Meaning of Group cohesiveness.

समग्रता समूह की संरचना का एक प्रमुख विमा मानी गयी है, वैसे तो समूह समग्रता को भिन्न-भिन्न अर्थों में लोगों ने प्रयोग किया है परन्तु समाज मनोवैज्ञानिकों ने इसका प्रयोग एक खास अर्थ में किया है। समूह समग्रता से तात्पर्य इस बात से होता है कि समूह के सभी सदस्य किस सीमा तक समूह में बने रहने के लिए प्रेरित रहते हैं जिस सीमा तक समूह के सदस्य समूह में बने रहने के लिए प्रेरित रहते हैं समूह की समग्रता उतनी ही अधिक समझी जाती है। समूह समग्रता यह बतलाती है कि सदस्यों के लिए समूह कितना आकर्षक है। जिस कारण से भी सदस्यों के लिए समूह जितना ही आकर्षक होगा सदस्य उतना ही समूह में बने रहना चाहेंगे और तब समूह की समग्रता उतनी ही अधिक होगी।

Feldman (1985) के अनुसार "समूह समग्रता से तात्पर्य उस सीमा से होता है जिस सीमा तक समूह के सदस्यों में सदस्य बने रहने की इच्छा होती है।"

Festinger (1950)
समूह समग्रता उन सभी बातों के परिणामी होता है जो सदस्यों को समूह में रहने के लिए बाध्य करता है। Taylor, Peplau & Sears (2006) के अनुसार समूह समग्रता से तात्पर्य वैसे बलों धनात्मक तथा ऋणात्मक दोनों ही से होता है जो सदस्यों को समूह में रहने का कारण होता है। समग्रता पूरे समूह की एक विशेषता होती है जो समूह के प्रति प्रत्येक व्यक्ति के संयोजित वचनबद्धता पर आधारित होती है।

समूह समग्रता के निम्न तथ्य :-

(1) समूह के सदस्यों द्वारा समूह जितना ही अधिक आकर्षक दीख पड़ता है समूह में समग्रता उतनी ही अधिक होती है।

(2) समूह में समग्रता अधिक होने से सदस्यों में संतोष की भावना अधिक होती है जिसका कारण Positive या Negative माहौल भी हो सकता है।

(3) समूह में समग्रता होने पर सदस्यों को समूह लक्ष्य की ओर प्रेरित करने के लिए अधिक प्रयास तथा प्रोत्साहन की जरूरत नहीं पड़ती है।

(4) समग्र समूह अधिक स्थिर होता है तथा साथ ही साथ इसमें सदस्यों का मनोबल ऊँचा भी होता है। ऐसे समूह में कम टकराव/संघर्ष होता है।

## Factors Influencing Group Cohesiveness.

(1) Satisfaction of need.
(2) Group Goals.
(3) Member attractiveness
(4) Group activities and leadership.